(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री अजीत कुमार पांजा (: (क) सैन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड से प्राप्त सूचनानुसार 1990-91, 1991-92 तथा 1992-93 के दौरान गिरिडीह् क्षेत्र के विभिन्न क्रियाकलापों में हुए मूल्यांकित घाटे को नीचे दर्शाया गया है :—

वर्ष	घाटा (करोड़ रु० में)
1990-91	9.91
1991-92	10.13
1992-93	11.60

(ख) से (घ) जी, नहीं। गिरिडीह् एक दूरस्थ इलाके में स्थित कोयला क्षेत्र है। इसलिये उचित प्रबन्धन तथा प्रशासन के लिए इसे पृथक् क्षेत्र की पहचान के रूप में विनिर्दिष्ट किये जाने की आवश्यकता है।

कोयले की चोरी

2314 **श्री राय सिंह राठावा** : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कोल इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों की मिली-भगत से कोयले की चोरी हो रही है ;

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई कार्यवाही की है; और

(ग) यदि हां, तो उस कार्यवाही के क्या परिणाम निकले हैं ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजीत कुमार पांजा) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) खानों में कोयले का स्टाक सामान्यतः बड़े क्षेत्र में तथा कई स्थानों पर फैला रहता है, जो कि बिना घेराबंदी अथवा परिसीमन की व्यवस्था के रहता है। ऐसी व्यवस्था न होने के कारण आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्ति कोयले का छुट-पुट रूप में अथवा बोरियों में उठाए जाने का प्रयास करते हैं। ऐसी कोयले की उठाईगिरी इस प्रयोजन के लिए नियोजित केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा दल अथवा कोयला कंपनियों के सुरक्षा कार्मिकों द्वारा गश्ती के दौरान पकड़ी जाती है और इस बारे में आवश्यक कार्रवाई की जाती है। जब कभी भी गाड़ियों अथवा ट्रकों द्वारा कोयले की उठाईगिरि के प्रयास पकड़ में आते हैं तो इस बारे में प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई भी की जाती है।

कोयला कर्मचारियों को आवंटित क्वार्टरों के ग्रेडों में परिवर्तन किया जाना

2315. **श्री रामसिंह राठवा** : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कोयला कर्मचारियों को आवंटित "ई" ग्रेड के क्वार्टरों को "डी" ग्रेड में बदला गया है;

(ख) यदि हां, तो पिछले दो वर्षों के दौरान उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) ऐसे परिवर्तन के संबंध में नियम क्या है ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजीत कुमार पांजा) : (क) से (ग) कोयला कर्मचारियों को क्वार्टरों का आवंटन कोलियरियों/क्षेत्रों द्वारा किया जाता है। इस संबंध में अपेक्षित सूचना कोल इंडिया द्वारा केन्द्रीकृत रूप में नहीं रखी जाती है। अतः इस प्रकार सूचना को एकत्र तथा संकलित करने में लगने वाले समय एवं प्रयास प्राप्त किए जाने वाले परिणाम के अनुरूप नहीं होंगे।

CONSULTANT CONTRACT OF CIL WITH CANADIAN BASED COMPANY

2316. SHRIMATI KAMLA SINHA : will the Minister of COAL be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the multi-crore contract of Coal India Limited with a Canadian Company Met-Chem, as con-sulant collaborator to the Rajmabal Coal Mining Project of the Eastern Coalfields Limited is due for renewal;

(b) whether this giant project provide for rehabilitation employment to the pre-dominently rural population of this extremely backward area; and

(c) if not, whether Government intend to reconsider the contract wih Met-Chem ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COAL (SHRI AJIT KUMAR PANJA) : (a) No Madam.